नगरोटा कालेज में मनाया ओजोन दिवस

नगरोटा बगवां, 16,सितम्बर(स.ह.): राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में ईको क्लब के सौजन्य से ओजोन दिवस मनाया।

ईको क्लब द्वारा जनसाधारण को संदेश दिया कि यह दिवस वायुमंडल में ओजोन परत की सुरक्षा के प्रति बचनबद्धता का स्मरण करवाने के उद्देश्य से मनाया जाता है पिछले कुछ वर्षों में ओजोन परत में छेद पड़ गया था जोकि समस्त मानव जाति के लिए घातक संकेत था क्योंकि ओजोन परत सूर्य की पराबैंगनी किरणों से पृथ्वी के जीवों की सुरक्षा करती है।

इसमें छेद होने से मानव शरीर में कैंसर जैसी बीमारियां होने से समस्त मानव जीवन को खतरा है। इस दिवस समारोह में पोस्टर मेकिंग एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. अशोक चौधरी एवं ईको क्लब प्रभारी निपुनिका राणा ने विजेता बच्चों को सम्मानित किया।

नगरोटा बगवां : राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में ओजोन दिवस पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागी बच्चे अपने पोस्टर के साथ। (स.ह.)

Kangra Kesari 17/09/23

Winners :- Ist : Kanishka (BSc I) Alisha (BSc II)
2nd : Rupali (BSc I) Shakshi (BSc II)
3rd : Tania (BSc I)
Consollation : Shikha (BSc I)
Books (Pt Ecology + Taxonomy)
(Mushroom Cultivation)
(Gardening + floriculture)